तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 28 जुलाई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 40 दिन बाद भी कई स्कूलों में नहीं पहुंचीं पुस्तकें




## खबर संक्षेप

### लो-प्रेशर बना अवदाब होगी मूसलाधार वर्षा

**अम्बिकापुर।** ओड़िसा की खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर सुस्पष्ट अवदाब में बदला गया है तथा उत्तर सरगुजा के रास्ते मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रही है। मौसम विभाग ने सोमवार की रात्रि एवं मंगलवार को सरगुजा सहित मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने का अलर्ट जारी है। ओड़िसा की खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर रविवार को सुस्पष्ट अवदाब में बदलने के साथ ही उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। लो-प्रेशर के सरगुजा के ऊपर से गुजरने एवं उसके प्रभाव से कहीं-कहीं तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानी लो-प्रेशर के प्रभाव से सोमवार की रात एवं मंगलवार को सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों में कहीं-कहीं तेज हवाएं चलने एवं गरज-चमक होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। लो-प्रेशर मंगलवार को ही मध्यप्रदेश की ओर अग्रसर हो जाएगा। बारिश के मामले में सरगुजा जिला छत्तीसगढ़ में सबसे पीछे हैं तथा अभी तक मात्र 50 फीसदी वर्षा हुई है। अम्बिकापुर में 640 मिमी की तुलना में मात्र 552 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। हालांकि मौसम विज्ञानी पिछले 10 वर्षों में इस वर्ष की वर्षा को 5वें स्थान पर बता रहे हैं। इन वर्षों में इस अवधि तक 52 फीसदी से कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। पिछले वर्ष इस अवधि में 650 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी जबकि अन्य 6 वर्षों की तुलना में इस वर्ष की बारिश को अधिक बताया जा रहा है। इस संबंध में मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर झुकी हुई है। भविष्य में भी अच्छी वर्षा होने की संभावना है। वर्तमान में मानसून ब्रेक होने जैसी स्थिति नहीं है। लो प्रेशर के प्रभाव से आगामी दो-तीन दिनों तक अच्छी वर्षा होने एवं कहीं-कहीं वज्रपात होने की संभावना है। मंगलवार को कहीं-कहीं तेज हवाएं भी चल सकती है।

### चौकीदार को बंधक बनाकर क्रेशर के स्टोर रूम से पार किया 90 हजार का सामान

**सूरजपुर।** ग्राम सोनपुर स्थित गिट्टी क्रेशर खदान के चौकीदार को न सिर्फ कुछ लोगों ने बंधक बनाया बल्कि क्रेशर के स्टोर रूम में घुस कर 90 हजार कीमत का सामान लूटकर फरार हो गए। नगर पालिका के समीप निवासी अंकित अग्रवाल आ. धर्मचंद अग्रवाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम सोनपुर में गिट्टी क्रेशर खदान है जिसका देख रेख चौकीदार बुधमान करता है और रात में वहीं सोता है। 25-26 की दरम्यानी रात बुधमान क्रेशर के बाहर बैठा था। इसी दौरान रात लगभग 12.30 बजे कुछ लोग पहुंचे और दो व्यक्ति बुधमान को पकड़ कर कमरा में ले जाकर बैठा दिए तथा उनके अन्य साथी क्रेशर के अंदर घुसकर स्टोर रूम से लोहे के पार्टस एवं गाड़ी का पट्टा सहित लगभग 90 हजार कीमत का अन्य सामान पिकअप में भर कर ले गए। आरोपियों के जाने के बाद चौकीदार ने घटना की जानकारी दी। क्रेशर संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 3(5), 309(4), 333 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने पीढ़ा यूकेलिप्टस जंगल से आरोपी को किया गिरफ्तार, जांच जारी

# प्रेमी ही निकला युवती का हत्यारा शक में किया था चाकू से वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नेहरु पार्क में युवती पर चाकू से गला रेतकर युवती की हत्या उसके प्रेमी ने ही की थी। किसी दूसरे व्यक्ति से प्रेम प्रसंग की शंका पर दोनों के बीच विवाद हुआ और इस दौरान आरोपी ने युवती के गले पर चाकू से वार कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकला। युवती द्वारा की गई जानकारी और जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी को पीढ़ा स्थित यूकेलिप्टस के जंगल से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है।

**खास बात**
- कल देर शाम आरोपी ने युवती पर किया था हमला

बता दें कि रविवार की रात 8 बजे नगर के नेहरु पार्क में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने युवती पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने युवती के गले पर वार किया, घटना के बाद युवती पार्क में जान बचाने के लिए इधर उधर भागती रही और फिर जमीन पर गिर गई। आस पास मौजूद लोगों ने युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस घटना में युवती की शिनाख्त लटोरी निवासी 20 वर्षीया राधिका राजवाड़े के रूप में की गई है। युवती तिलसिवां में अपनी बहन के साथ रहती थी। वहीं आरोपी युवक की पहचान ग्राम कुरुवां निवासी 23 वर्षीय रितेश राजवाड़े के रूप में की गई है। राधिका और रितेश के बीच लम्बे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस की अबतक की जांच में जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार रितेश राजवाड़े ने युवती को मिलने के लिए पार्क में बुलाया था और लगभग एक घंटे तक दोनों के बीच बातचीत होती रही लेकिन रितेश को शक था कि मृतिका राधिका किसी दूसरे युवक से भी बात चीत करती है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई।

विवाद इतना बढ़ा की सनकी युवक ने अपने पास रखे चाकू से युवती पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपी ने राधिका के गले पर वार किया जिससे उसका गला कट गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।



इलाज के दौरान युवती, इनसेट में मृत युवती व आरोपी युवक।

**रास्ते में हुई मौत**

इस घटना के बाद युवती राधिका अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागती रही और फिर जमीन पर गिर पड़ी। इस घटना के बाद पार्क व क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। कोतवाली थाना से महज 500 मीटर दूर और विधायक निवास के सामने स्थित नेहरु पार्क में हुई घटना से हड़कंप मच गया। घटना के बाद घायल युवती को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतिका के परिजन सदमें में है। सोमवार को पुलिस द्वारा मर्ग कयाम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

**साथ में लेकर आया था चाकू**

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही थी। घटना स्थल से मिले भौतिक साक्ष्य, तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी रितेश राजवाड़े को पीछा करते हुए पीढ़ा क्षेत्र के यूकेलिप्टस जंगल में घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी से जब पूछताछ की तो उसने प्रेम प्रसंग और शक की वजह से वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। बड़ी बात यह है कि विवाद के दौरान जिस तरह आरोपी ने युवती पर चाकू से हमला किया उससे स्पष्ट हो गया कि आरोपी हत्या की नियत से ही आया था और अपने साथ चाकू लेकर आया था। आरोपी चाकू को घटना स्थल पर ही फेंककर फरार हो गया था जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

**लोगों ने की सुरक्षा व्यवस्था की मांग**

इस हत्याकांड के बाद नेहरू पार्क की सुरक्षा व्यवस्था भी बड़े सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से पार्क में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। कई बार सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठी, लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई। अब लोगों ने पार्क के चारों ओर ऊंची चारदीवारी, पर्याप्त रोशनी, अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे, स्थायी चौकीदार, महिला पुलिस बल की तैनाती, पार्क के खुलने और बंद होने का तय समय, नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन शुरू करने की मांग की है।

**चल रही है जांच**

मृतिका प्रेमी रितेश राजवाड़े के साथ पार्क में आई थी। आरोपी को शक था कि मृतिका किसी और से प्रेम करती है। इसी बात को लेकर आरोपी ने अपने पास रखे चाकू से युवती पर वार किया। इस मामले में आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच चल रही है।

-अभिषेक पैकरा
एसडीओपी



## एक करोड़ की उठाईगिरी में अन्तर्राज्यीय गिरोह के शामिल होने के सबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

दिनदहाड़े एक करोड़ रूपए के जेवरों की उठाईगिरी के मामले में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे है।

- एसएसपी ने किया अलग अलग टीमों का गठन, पूर्व मंत्री ने दी आन्दोलन की चेतावनी

संभावना जताई जा रही है कि अन्तर्राज्यीय गिरोह ने इस वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों की पहचान और धरपकड़ के लिए एसएसपी राजेश अग्रवाल ने पांच से छह टीमों का गठन किया गया है और इनमें से कई टीमों को यूपी, बिहार की ओर रवाना किया गया है। इसके साथ ही दो टीम जिले में भी काम कर रही है।

बता दें कि रविवार की सुबह नगर के काशी विस्वनाथ ज्वेलर्स के संचालक अरुण सोनी एक करोड़ रूपए के जेवरों की उठाईगिरी के शिकार हो गए। घटना के समय 11.30 बजे अरुण सोनी दुकान खोलने पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने सोने चांदी के आभूषणों से भरा बैग स्कूटी में लटका छोड़ दिया था। जैसे ही उन्होंने दुकान का ताला खोला वहां पहले से घात लगाए बाइक सवार दो लुटेरे आए और स्कूटी में टंगा हुआ हुआ बैग लेकर फरार हो गए। उठाईगिरी की घटना इतनी तेजी से हुई कि सर्राफा व्यवसायी समेत आसपास मौजूद लोग कुछ समझ ही नही पाये।सर्राफा व्यवसायी को जब तक सारा माजरा समझ में आया तब तक तो आरोपी करोड़ो के गहनों से भरे बैग की उठाईगिरी कर आंखों से ओझल हो चुके थे। दिनदहाड़े एक करोड़ के गहनों की उठाईगिरी की घटना के बाद नगर में हड़कंप मच गया। नगर का व्यापारी वर्ग समेत नगरवासियों के माथे पर इस घटना के बाद चिंता की लकीरें गहरा गई है। उठाईगिरी की घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर टीम समेत एसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे हुए है। स्थानीय पुलिस एवं साइबर की टीम ने आरोपियों की शिनाख्त के लिए पूरे नगर का सीसी टीवी खंगाल डाला। सीसी टीवी फुटेज खंगालने के बाद ये संभावना जताई जा रही है कि आरोपी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे। अबतक की जांच में इस वारदात के पीछे अन्तर्राज्यीय गिरोह के शामिल होने की बात कही जा रही है। एसएसपी ने पांच से छह टीमों का गठन किया है और टीमों को अलग अलग राज्यों में जांच पड़ताल के लिए भेजा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि उठाईगिरी की घटना को अंजाम देने वाले दोनों युवक अंतर्राज्यीय गिरोह के अपराधी है। इनका एक बड़ा सिंडिकेट है जो घूम घूम कर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देता है। अपराधियों की शिनाख्त हो गई है जल्द ही अपराधी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

**पूर्व मंत्री अमरजीत ने की परिवार से मुलाकात**

इस घटना के बाद सोमवार को पूर्व मंत्री अमरजीत भगत सर्राफा व्यवसायी एवं परिजन से मिलने उनके दुकान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटना पर चिंता जाहिर करते हुए पीड़ित पक्ष को ढांढस बंधाया एवं सरगुजा एसपी से इस घटना के संबंध में फोन से चर्चा की। इसके बाद पूर्व मंत्री पीड़ित परिवार एवं उनके परिजनों संग थाना पहुंचे जहां उन्होंने दिनदहाड़े हुए उठाईगिरी की घटना समेत नगर एवं क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर चिंता जताई। उन्होंने चर्चा के दौरान थाना प्रभारी से कहा कि अगर अपराधी दो दिनों के अंदर नही पकड़े गए तो वो बुधवार को थाने के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे। थाना प्रभारी ने अब तक की गई जांच के बारे में पूर्व मंत्री को जानकारी देते हुए कहा कि अपराधी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इस दौरान डॉ. लालचंद यादव, बदरुद्दीन इराकी, संदीप गुप्ता, अरुण गुप्ता, सुनील मिश्रा, शरद गुप्ता, शंकर सोनी, इंदु सोनी, पीड़ित सर्राफा व्यवसायी अरुण सोनी, पत्नी आरती सोनी, धरमदेव सोनी, राजू सोनी, सीकू सोनी, अशोक सोनी, चिंटू सोनी, ईशान, अंकु सोनी, प्रमोद सोनी समेत काफी संख्या में पीड़ित के परिजन उपस्थित थे।

**चल रही है जांच**

घटना की जांच चल रही है। आरोपियों की पहचान और धरपकड़ के लिए अलग अलग टीमों का गठन कर उन्हें रवाना किया गया है। आरोपी जल्द ही पकड़े जाएंगे।

-राजेश अग्रवाल
एसएसपी सरगुजा

## शासकीय जमीन को लेकर विवाद, ट्रैक्टर चढाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

शासकीय जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इस दौरान आरोपियों ने दूसरे पक्ष पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। मारपीट की इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इधर इस मामले में अब पुलिस ने एक ही परिवार से महिला समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- पुलिस ने महिला समेत एक ही परिवार के 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि बसन्तपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोंदला के पूर्व पारा में स्थित शासकीय भूमि पर कब्जे को लेकर राम प्रसाद कुशवाहा और कामेश्वर उर्फ रामेश्वर कनौजिया व अन्य के बीच विवाद चल रहा था। विवाद के दौरान 7 जुलाई को दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान आरोपी कामेश्वर उर्फ रामेश्वर कनौजिया ने अपने साथियों के साथ मिलकर राम प्रसाद कुशवाहा पर हमला कर दिया जिसमें राम प्रसाद कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान आरोपियों ने ग्रामीण पर ट्रैक्टर चढ़ाने का भी प्रयास किया। मारपीट की यह घटना अब वायरल हो रही है। वीडियो वायरल होने के बाद घटना के 20 दिन उपरान्त पुलिस ने मामले में जांच के बाद बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोंधला निवासी 40 वर्षीय कामेश्वर उर्फ रामेश्वर कनौजिया आ.रामसागर कनौजिया, 42 वर्षीयतिलेश्वर कनौजिया आ. रामसागर कनौजिया, 22 वर्षीय रवि कनौजिया आ. तिलेश्वर कनौजिया, 62 वर्षीया राजकुमारी कनौजिया पति रामसागर कनौजिया, 37 वर्षीया सीता कनौजिया पति रामेश्वर कनौजिया व 42 वर्षीया ममता कनौजिया पति तिलेश्वर कनौजिया को बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 191(3), 109 (1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



### सतपता में खड़े दो ट्रकों से टायर, बैटरी समेत 1.54 लाख का सामान चोरी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सतपता में खड़े दो वाहनों से अज्ञात चोरों ने टायर, बैटरी और अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित वाहन स्वामी योगेन्द्र दुबे ने पुलिस को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार वाहन क्रमांक सीजी-15-एच-1969 एवं सीजी-15-एसी-4359 से 26 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने टायर, बैटरियां, जैक, व्हील पाना, जैक रॉड एवं बैटरी टर्मिनल सहित करीब डेढ़ लाख का सामान चोरी कर लिया गया है। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपकर संदेही युवकों के नाम भी बताए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीन मीट्रिक टन डीएपी खाद सहित एक पिकअप वाहन जब्त



**वाड्रफनगर।** जिले में माफिया बेखौफ होकर उर्वरक की अवैध रूप से तस्करी कर रहे है। दूसरे राज्यों से डीएपी उर्वरक लाकर मोटे दामों पर बिक्री की जा रही है। इस बीच टीम ने एक पिकअप समेत तीन मीट्रिक टन खाद बरामद कीया है। बता दें किउर्वरकों के अवैध परिवहन, विक्रय और भण्डारण पर अंकुश लगाने हेतु कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने कार्रवाई के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में विकासखंड वाड्रफनगर के ग्राम रघुनाथनगर में कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन किए जा रहे 60 बोरी (3 मीट्रिक टन) डीएपी खाद के साथ एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी एवं उनकी टीम ने ग्राम रघुनाथनगर में एक पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 टी 3538 का जांच किया। जांच में उक्त पिकअप वाहन में 60 बोरी डीएपी खाद पाया गया। जिस पर चालक अशोक कुमार द्वारा खाद के परिवहन से संबंधित कोई भी वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। बिना वैध दस्तावेजों के अवैध रूप से खाद का परिवहन किए जाने की पुष्टि होने पर, रघुनाथनगर थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएपी खाद से भरे पिकअप को जब्त किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी धीरेन्द्र तिवारी, उरर्वक निरीक्षण भूपेश गुप्ता, वरिष्ठ विकास अधिकारी, आरएईओ मौजूद रहे।

### आंदोलन को पूर्व डिप्टी सीएम ने दिया समर्थन

## आश्वासन के बाद समाप्त हुई एनएसयूआई की क्रमिक भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय एवं राजीव गांधी पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर एनएसयूआई का दो दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल सोमवार को विश्वविद्यालय प्रशासन और प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। आंदोलन के दूसरे दिन पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने धरना स्थल पहुंचकर छात्रों की मांगों का समर्थन किया और चेतावनी दी कि यदि समयबद्ध निराकरण नहीं हुआ तो वे स्वयं छात्रों के साथ एक दिन की भूख हड़ताल पर बैठेंगे। सिंह देव के कड़े रुख के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की मांगों का त्वरित निराकरण का लिखित आश्वासन दिया है। धरना स्थल पर पहुंचे टीएस सिंहदेव ने कहा कि छात्रों की जायज मांगों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी।



उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार और छात्रों के हितों की रक्षा सरकार एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस छात्रों के संघर्ष में पूरी मजबूती से साथ खड़ी होगी। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय में शिक्षक भर्ती में रोस्टर नियमों के पालन की उच्चस्तरीय जांच, अंबिकापुर-राजपुर मार्ग से विश्वविद्यालय तक जर्जर सड़क के निर्माण, मुख्य मार्ग पर संकेतक बोर्ड लगाने, परिसर में सीसीटीवी कैमरे और नियमित पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था, ऑनलाइन कॉपी जांच प्रणाली समाप्त कर पारंपरिक मूल्यांकन लागू करने, जर्जर भवन में संचालित कक्षाओं को नए भवन में स्थानांतरित करने, फीस वृद्धि पर रोक, टोल-फ्री हेल्पलाइन जारी करने तथा नई शिक्षा नीति (NEP) के पाठ्यक्रम की पुस्तकों की शीघ्र उपलब्धता सहित छात्रहित की कई मांगें उठाईं। आंदोलन के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं तहसीलदार ने धरना स्थल पहुंचकर एनएसयूआई पदाधिकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद एनएसयूआई ने अपनी क्रमिक भूख हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी ⏭ शेष पेज 4 पर


सी.जी. स्कूल ऑफ नर्सिंग, बिलासपुर
(25 वर्षों से नर्सिंग चिकित्सा, शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र मे अग्रणी संस्था)

12वीं (PCB) उत्तीर्ण एवं PNT परीक्षा में सफल विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर !
उपलब्ध पाठ्यक्रम :
B.Sc. Nursing (4 वर्षीय)
P.B.BSc. Nursing (2वर्षीय)*
GNM Nursing (3 वर्षीय)
हमारी विशेषताएं :
- अनुभवी एवं योग्य फैकल्टी
- आधुनिक नर्सिंग लैब एवं पुस्तकालय
- उत्कृष्ट क्लिनिकल प्रशिक्षण जिला अस्पताल, सी एम सी,
- पी एच सी, श्रीराम केयर पैरेंटल अस्पताल व प्रथम पैरेंटल हॉस्पिटल व्यक्तित्व विकास एवं 100% प्लेसमेंट
सीमित सीटें
आज ही अपना प्रवेश सुनिश्चित करें
ज्योति साहू
एम्स टॉपर
पता : परसदा, कोटा रोड, सकरी बिलासपुर
Follow us :
www.cgnursing.com
7722995707, 993582707, 9993575707

## खबर संक्षेप

### कारगिल विजय दिवस पर शपथ ग्रहण



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले प्रभारी प्राचार्य भारत सिंह द्वारा 25वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर देश की एकता, अखंडता और सम्मान की रक्षा तथा राष्ट्र सेवा में तत्पर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कारगिल युद्ध के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए उन्होंने बताया कि हमारे देश के जांबाज वीर योद्धाओं ने विषम परिस्थितियों में देश को विजय दिलाई थी। इसी तारतम्य में कार्यक्रम अधिकारी कनकलता पैकरा एवं डॉ. सुमित कुमार डे ने भी छात्राओं को वीर योद्धाओं को स्मरण दिलाते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाएं रखने की अपील की। कार्यक्रम में वरूण कुमार कुशवाहा, रितेश गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, बिक्की राम, विनय कुमार गुप्ता, विजय कुमार सिंह, विपिन सिंह, महेन्द्र कुर्रे, प्रतीभा उपाध्याय, प्रियंका सिंह, खुशबू, सतेन्द्र पैकरा, बिन्यामिन लकड़ा, उर्मिला, राजेश्वरी, चुन्नू सहित अन्य छात्राएं मौजूद रहीं।

### एकीकृत कृषि केन्द्र में 500 देशी चूजों की ब्रूडिंग



**कटगोड़ी।** जिले में राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत महिलाएं अपने पारंपरिक सह कृषि कार्यों से आजीविका में स्थायित्व की तरफ आगे बढ़ रही हैं। सोनहत विकासखंड के आईएफसी क्लस्टर कटगोड़ी में देशी मुर्गी पालन को बढ़ावा देने की दिशा में एक पहल की जा रही है। कलेक्टर रोक्तिमा यादव द्वारा भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुरूप कटगोड़ी संकुल स्तरीय संगठन द्वारा आजीविका सेवा केन्द्र के ब्रूडिंग सेंटर में देशी मुर्गी के 500 चूजों का तकनीकी तरीके से पालन-पोषण किया जा रहा है। ब्रूडिंग सेंटर में चूजों को लगभग 28 दिनों तक सुरक्षित एवं पोषणयुक्त वातावरण में विकसित किया जाएगा। इसके पश्चात इन तैयार चूजों का वितरण क्षेत्र के किसानों को किया जाएगा, जिससे उन्हें अपने ही ग्राम स्तर पर गुणवत्तायुक्त देशी मुर्गी के चूजे उपलब्ध हो सकेंगे।

### एक पेड़ मां के नाम रामपुर पंचायत में पौधरोपण

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरूष इकाई द्वारा ग्राम पंचायत रामपुर के सरपंच मीना सिंह के नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी द्वय जयश्री प्रजापति एवं अनुरंजन कुजूर के संयोजन में रामपुर के छट घाट परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य सह जिला संगठक डॉ. एम.सी.हिमधर, सरपंच मीना सिंह एवं ग्राम के प्रमुख जन अनिता तिवारी के द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन अब्दुल कलाम जी का पुण्य तिथि है, जिनके योगदान को याद करते हुए नमन करते हैं। स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रजाति के छायादार एंव फलदार पौधे आम, अमरूद, ऑवला, जामून, कटहल, पीपल, गुलमोहर, करंज, अशोक, नीम, आंवला के पौधों का रोपण किया। सरपंच मीना सिंह ने ग्राम पंचायत की ओर से स्वयं सेवकों का स्वागत किया और वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए आभार भी व्यक्त कियास।

## विद्यार्थी परेशान, सितंबर में होनी है तिमाही परीक्षा

# 40 दिन बाद भी कई स्कूलों में नहीं पहुंचीं पुस्तकें




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य शासन और स्कूल शिक्षा विभाग ने नए शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरूआत के साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने का दावा किया था, लेकिन नया सत्र शुरू हुए 40 दिन से अधिक का समय बीत चुका है और जुलाई माह भी समाप्ति की ओर है, इसके बावजूद जिले के कई संकुलों और उनके अंतर्गत आने वाले स्कूलों में अब तक सभी कक्षाओं की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंच सकी हैं। इसका सीधा असर हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा अब भी विभिन्न संकुलों में पुस्तकों की आपूर्ति का कार्य जारी है। कई विद्यालयों में कुछ कक्षाओं की पुस्तकें पहुंची हैं तो कई कक्षाओं की किताबें अब तक नहीं मिली हैं।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कई कक्षाओं की पाठ्य पुस्तकों में व्यापक बदलाव किया गया है। विशेष रूप से जिन कक्षाओं की पुस्तकें पूरी तरह बदल गई हैं, वहां सबसे अधिक संकट की स्थिति बनी हुई है। नई किताबें नहीं मिलने से विद्यार्थी पुराने पाठ्यक्रम से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं और कई स्कूलों में इन कक्षाओं का नियमित अध्यापन शुरू ही नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार कक्षा सातवीं सहित अन्य कुछ कक्षाओं की पुस्तकें पूरी तरह बदल दी गई हैं। ऐसे में पुराने संस्करण की किताबों का उपयोग भी संभव नहीं है, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारी लगातार प्रभावित हो रही है।

### पुरानी किताबों के सहारे चल रही पढ़ाई

जिन विद्यालयों में नई पुस्तकें नहीं पहुंची हैं, वहां शिक्षक उपलब्ध पुरानी पुस्तकों और अपने नोट्स के आधार पर पढ़ाई कराने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन नई कक्षा में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों के पास पुरानी किताबें भी उपलब्ध नहीं हैं। कई विद्यार्थियों को बिना पुस्तक के ही कक्षाओं में बैठना पड़ रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सबसे अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

### हर वर्ष दोहराई जा रही समस्या

शिक्षा विभाग प्रत्येक वर्ष समय पर पुस्तकों के वितरण का दावा करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकांश स्कूलों में किताबें देर से पहुंचने की शिकायत सामने आती है। इस वर्ष भी लगभग डेढ़ माह बीत जाने के बाद जिले के कई संकुलों में पुस्तक वितरण अधूरा है, जिससे विभागीय तैयारियों और पाठ्य पुस्तक निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं अभिभावकों तथा शिक्षकों ने मांग की है कि जिले के सभी संकुलों और विद्यालयों में तत्काल शेष निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई पटरी पर लौट सके और तिमाही परीक्षा से पहले पूरा पाठ्यक्रम पढ़ाया जा सके।

### तिमाही परीक्षा नजदीक, बढ़ी चिंता

अगस्त माह के बाद सितंबर में तिमाही परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में यदि शीघ्र सभी विद्यालयों में नई पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई गईं तो विद्यार्थियों की परीक्षा की तैयारी प्रभावित होना तय माना जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि पुस्तकें देर से मिलने पर कम समय में पूरा पाठ्यक्रम समाप्त करना चुनौतीपूर्ण होगा।

# खेत में गिरा विद्युत पोल, टला बड़ा हादसा



उमझर के खेत में गिरा पोल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उमझर के चिटकारीपारा में लगातार हो रही बारिश के बीच एक विद्युत पोल खेत में गिर जाने से बड़ा हादसा टल गया। जिस समय पोल गिरा, उस दौरान खेत में कोई किसान मौजूद नहीं था।

- **उमझर के चिटकारीपारा में कई दिनों से बाधित बिजली**

ग्रामीणों का कहना है कि यदि उस समय कोई खेत में काम कर रहा होता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। विद्युत पोल गिरने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। बरसात के मौसम में बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को दैनिक कार्यों के साथ-साथ खेती-किसानी के काम में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेत के बीच विद्युत पोल और तार पड़े होने के कारण किसान सुरक्षा की दृष्टि से अपने खेतों में जाने से भी बच रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान पोल अचानक धराशायी हो गया, जिसके बाद अब तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो सका है। इससे क्षेत्र में किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि धान की खेती के इस महत्वपूर्ण समय में खेतों में नियमित कार्य आवश्यक है।

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि गिरे हुए पोल को प्राथमिकता के आधार पर हटाकर नया पोल लगाया जाए तथा जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और किसी संभावित हादसे से बचा जा सके।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद कांग्रेस का विजय जुलूस

**बैकुंठपुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में शिवपुर-चरचा में विजय जुलूस निकाला गया। देशभर के छात्रों, युवाओं एवं लोकतांत्रिक संघर्ष की जीत बताते हुए एक-दूसरे को बधाई दी।



जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली में अनियमितताओं तथा छात्रों पर हुई कार्रवाई के मुद्दे को लगातार प्रमुखता से उठाया। उन्होंने छात्रों से संवाद किया, उनके आंदोलन का समर्थन किया और उनकी आवाज को संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाया। कांग्रेस के निरंतर आंदोलन और छात्रों के संघर्ष के परिणामस्वरूप शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय करने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन अभी शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, हेमसागर यादव, शैलेन्द्र सिंह, गणेश राजवाड़े, भूपेंद्र यादव, रवि राजवाड़े, लालमुनि यादव, संगीता राजवाड़े, अनिल जायसवाल, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, जाग्रत कुर्रे, सत्यनारायण मोदी, जानू वसीम, आशीष डबरे, दीपक गुप्ता, रामाधार टोप्पो, ईश्वर सिंह, विक्रांत सिंह, मोहनलाल यादव एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

## बागेश्वर धाम समिति ने कलेक्टर व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सिद्धपीठ श्री बागेश्वर धाम केंद्रीय समिति सुंदरकांड मंडल छतरपुर के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत सोमवार को कोरिया जिले में कार्यकतार्ओं ने कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) बैकुण्ठपुर को ज्ञापन सौंपकर गौ माता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा दिए जाने तथा गौ संरक्षण के लिए कठोर कानून बनाए जाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मार्गदर्शन में पूरे देश में ₹गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करो₹ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत 27 जुलाई को देशभर में ज्ञापन एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इसके माध्यम से केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की मांग करते हुए गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा प्रदान करने की पहल करने का आग्रह किया गया।

समिति ने ज्ञापन में गौ तस्करी एवं गौ वध पर कठोर कानून बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, गौ संरक्षण को बढ़ावा देने तथा गौशालाओं के संचालन और रखरखाव के लिए पर्याप्त बजट एवं संसाधन उपलब्ध कराने की भी मांग की। इस अवसर पर बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडल कोरिया के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में लोगों के हस्ताक्षर भी कराए। अभियान में प्रमुख रूप से नितिन गुप्ता, ध्रुव सिंह गहरवार, शैलेंद्र श्रीवास्तव, विमल गुप्ता, उत्तम कश्यप, त्रिभुवन पासवान, पवन कुमार, सीमा, जय कुमार चक्रधारी, सुरेश प्रसाद, संजय गुप्ता, संतलाल नाविक सहित अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कानून की जानकारी ही सबसे बड़ी सुरक्षा

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जागरूक नागरिक ही सशक्त समाज की आधारशिला होते हैं। इसी उद्देश्य के साथ सोमवार को मनेन्द्रगढ़ स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित नागरिकों को संवैधानिक अधिकारों, विधिक सहायता, साइबर अपराधों से बचाव, सड़क सुरक्षा, बाल संरक्षण, नशा मुक्ति तथा राष्ट्रीय लोक अदालत जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न कानूनी विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल एवं व्यवहारिक ढंग से समाधान किया। शिविर में तालुका विधिक सेवा समिति, मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष यशवंत वासनिकर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राकेश सिंह सोरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून केवल न्यायालयों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूकता ही एक सुरक्षित, जिम्मेदार और न्यायपूर्ण समाज की नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने, ओटीपी, बैंकिंग जानकारी या व्यक्तिगत विवरण साझा करने से बचें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं कानून का सम्मान करने वाला नागरिक बनाना भी है। उन्होंने ऐसे शिविरों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक चेतना के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। शिविर में अधिकार मित्र अजय विश्वकर्मा (थाना मनेन्द्रगढ़) एवं अंजनी यादव (थाना झगराखांड) ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिससे कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण न्याय से वंचित न रहे।

### मोबाइल दुकान से चोर ले उड़ा कीमती मोबाइल

**सेदम।** मुख्य बाजार स्थित एक मोबाइल से ग्राहक बनकर आए चोर ने दिन दहाड़े कीमती मोबाइल को पार कर दिया। हालांकि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।सीतापुर अंतर्गत प्रतापगढ़ निवासी राजन अग्रवाल बतौली में मोबाइल एवं रिपेयरिंग दुकान का संचालन करता है। दुकान में एक युवक ग्राहक बनकर पहुंचा जो दुकान के कर्मचारी को बातों में उलझाकर काउंटर पर रखा मोबाइल फोन उठाकर फरार हो गया। मोबाइल 23 हजार की बताई जा रही है जबकि संचालक दुकान के दूसरी ओर मोबाइल रिपेयरिंग कर रहा था। कीमती मोबाइल दुकान से चोरी होने की जानकारी लगने पर संचालक के होश उड़ गए। संचालक तत्काल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा तो चोर मोबाइल ले जाते नजर आया। दुकान संचालक ने घटना की सूचना बतौली पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर तलाश शुरू कर दी है।

# ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोस में ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी एन. एस. रावटे, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन तथा जिला मिशन समन्वयक दीपिका पटेल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें फिशिंग कॉल एवं संदेशों से सतर्क रहने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करने, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सीमित रखने, संदिग्ध ईमेल, वेबसाइट एवं ऐप से दूर रहने, नियमित रूप से मजबूत पासवर्ड बदलने, डिवाइस का बैकअप लेने तथा दोहरी प्रमाणीकरण (टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। मिशन शक्ति की टीम ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान संरक्षण अधिकारी वितबाला श्रीवास्तव ने घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत महिलाओं को प्राप्त कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही किशोरी बालिकाओं से बाल विवाह एवं कम उम्र में प्रेम संबंधों से होने वाले सामाजिक एवं व्यक्तिगत दुष्परिणामों पर संवाद कर उन्हें जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति या सहायता की आवश्यकता होने पर महिला हेल्पलाइन 181 पर तत्काल संपर्क करने की सलाह दी गई।

## छिंदडांड स्थित भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक

# हर घर तिरंगा अभियान में सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी के 650वीं जयंती के संबंध में जिला स्तरीय बैठक भाजपा जिला कार्यालय छिंदडांड़ में संपन्न हुआ।





बैठक में उपस्थित विधायक भईयलाल राजवाड़े व अन्य।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक भईयालाल राजवाड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा, जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू, अशोक जायसवाल, राजेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला मंत्री प्रदीप तिवारी, सुनिता कुर्रे, शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। विधायक भईयालाल राजवाड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि, पार्टी के सभी कार्यकर्ता व्यापक जन भागीदारी करते हुए हर घर तिरंगा तथा तिरंगा यात्रा अभियान में 11 अगस्त से 15 अगस्त, 2026 तक भाग लेंगे। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि, जिले एवं मंडल स्तर पर संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज के विभिन्न कार्यक्रम हेतु पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज ने समरसता, समानता और मानवता का संदेश दिया, जिसे जन-जन तक पहुंचना हम सभी का दायित्व है। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने कहा कि, तिरंगा यात्रा प्रत्येक मंडल केन्द्र के अलावा उस मंडल के पांच बड़े गांव या बाजार में भी तिरंगा यात्रा आगामी 10 अगस्त से 14 अगस्त तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे मंच संचालन जिला महामंत्री कपिल जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, सह कार्यालय मंत्री मनोज साहू, जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, गणेश यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जगनाराय जगनारायण साहू, पूर्व नपाध्यक्ष कुन्ती चक्रधारी, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, मनेजर राजवाड़े, दीपा विश्वकर्मा,राजाराम राजवाड़े, संजय चिकनजूरी, महामंत्री रमन गुप्ता, सचिन मलिक, सचिदानंद द्विवेदी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, महामंत्री पुष्पलता राजवाड़े, युवा मोर्चा जिला महामंत्री साक्षी सिंह राजपूत, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, महामंत्री लहरे सोनवानी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवचरण साहू, महामंत्री जय चकधारी, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक अनिता गुप्ता, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक गोकरण शुक्ला, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुखदेव राजवाडे, एन.जी.ओ. प्रकोष्ठ जिला संयोजक योगेन्द्र मिश्रा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुसुम जायसवाल सहित भारी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# घर की बाड़ी से गांजा के 65 पौधे जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सिटी कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सतीपारा में एक व्यक्ति के घर की बाड़ी से अवैध रूप से उगाए गए गांजा के 65 पौधे जब्त किए हैं। बरामद हरे गांजा के पौधों का कुल वजन 1 क्विंटल 16 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई गई है। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 जुलाई को उप निरीक्षक महेश कुशवाहा अपनी टीम के साथ ग्राम भ्रमण, शिकायत जांच एवं अपराधियों की तलाश में निकले थे। इसी दौरान ग्राम सतीपारा स्कूल के पास मुखबिर से सूचना मिली कि गांव निवासी सुरेश कुमार राजवाड़े अपने नए मकान की बाड़ी में लंबे समय से बड़ी संख्या में गांजा के पौधे उगा रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम स्वतंत्र गवाहों के साथ मौके पर पहुंची। आरोपी को सूचना से अवगत कराने के बाद उसकी लिखित सहमति से घर और बाड़ी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बाड़ी में छोटे-बड़े कुल 65 गांजा के पौधे लगे मिले, जिनमें कई पौधों में फूल और गांजा की कलियां भी लगी थीं। पुलिस ने विधिवत पंचनामा तैयार कर सभी पौधों को उखाड़कर जब्त किया। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल कराने पर उनका कुल वजन 1 क्विंटल 16 किलोग्राम निकला। आरोपी से गांजा की खेती के संबंध में वैध अनुमति या दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने जब्त गांजा के पौधों को सीलबंद कर कब्जे में लिया और आरोपी सुरेश कुमार राजवाड़े को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 20(क) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



### बोल बम सेवा समिति पैदल कांवड़ मार्ग पर भंडारा लगाने हुए रवाना

**राजपुर।** सरगुजा-कोरिया बोल बम सेवा समिति के 22वें वर्ष के सेवा अभियान के तहत समिति के सदस्य रविवार को सुल्तानगंज से देवघर जाने वाले पैदल कांवड़ मार्ग पर भंडारा लगाने के लिए रवाना हुए। समिति पिछले 22 वर्षों से श्रावण मास में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले लाखों कांवड़ियों की निस्वार्थ सेवा करती आ रही है। समिति द्वारा पूरे सावन माह तक सुल्तानगंज-देवघर पैदल मार्ग पर भंडारे का संचालन किया जाएगा, जहां श्रद्धालुओं के लिए चाय, नाश्ता, भोजन, पेयजल एवं ठहरने के सुविधा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था रहेगी। समिति के सदस्यों का कहना है कि कांवड़ियों की सेवा ही उनका प्रमुख उद्देश्य है और वर्षों से यह सेवा अभियान निरंतर जारी है। समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुभाष शर्मा के नेतृत्व में दिनेश गोयल, बाबूलाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संतोष गुप्ता, प्रमोद ठाकुर, अजय, नैनीत, वीकेपी जायसवाल, शंकर, रामू शर्मा, पवन अग्रवाल, नाथूलाल, अर्जुन, महाकाल, नन्हे सहित अन्य सदस्य सेवा कार्य के लिए रवाना हुए।

### सैनिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**अम्बिकापुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सैनिक स्कूल में राष्ट्र के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर पौधरोपण किया गया। वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय की स्मृति में विजय दिवस मनाया गया। प्राधानाचार्य कर्नल राजेश बैंदा विद्यालय परिसर व उप प्रधानाचार्य, प्रशासनिक अधिकारी ने परेड ग्राउंड में पौधरोपण किया। कारगिल विजय दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने एएनओ के मार्गदर्शन में पौधरोपण अभियान चलाया। इस दौरान वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण कर राष्ट्र की एकता अखंडता और संप्रभुत्ता की रक्षा के प्रति समर्पण का संकल्प लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल विजय का उत्सव नहीं, बल्कि देश के वीर सैनिकों के आदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को नमन करने का अवसर है।

## जान जोखिम में डाल बच्चे कर रहे पढ़ाई

# चंदौरा स्थित पूर्व माध्यमिक शाला भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिले में एक ओर जहां बड़े ही धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। स्कूलों में नवप्रवेशी बच्चों को मिष्ठान खिलाकर, गणवेश, पुस्तक देकर स्वागत किया जा रहा है। जिले में आज भी कई स्कूल जर्जर भवन में संचालित है जिसमें ग्राम पंचायत चंदौरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय भी शामिल है। हैरानी की बात तो यह है कि स्कूल भवन के जर्जर होने के बावजूद मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत पुराने जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत नहीं हो सकी जिसमें बरसात के मौसम में भवन के जर्जर छत, उखड़ती दीवारें और टूटते प्लास्टर हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और खतरों के बीच विद्यालय में अध्ययनरत 80 से अधिक बच्चे प्रतिदिन अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ऐसे में समय रहते भवन की मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**खास बात**

- प्लास्टर गिरने से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने प्रदेश सरकार न सिर्फ गंभीर है बल्कि विभिन्न योजना संचालित कर बच्चों को बेहतर शिक्षा इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। जबकि प्रतापपुर विकासखंड के चंदौरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन कुछ और बयां कर रही हैं। विद्यालय अब शिक्षा का मंदिर कम और खंडहर अधिक दिखाई देता है। विद्यालय भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पहली नजर में कोई भी इसे वर्षों से बंद पड़ा परित्यक्त भवन समझ बैठे। जगह-जगह दीवारों में दरारें, उखड़ा प्लास्टर, काई जमी दीवारें और कमजोर छत के कारण भवन काफी जर्जर हो चुकी है। बरसात के इस मौसम में बच्चों और शिक्षकों के मन में हर समय यह भय बना रहता है कि कहीं भवन का कोई हिस्सा भरभराकर न गिर पड़े। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से अव्यवस्था का शिकार बनी हुई है। वर्षों से प्रभारी व्यवस्था के भरोसे चल रहे प्रशासनिक ढांचे के कारण विद्यालयों की नियमित निगरानी प्रभावित हुई है। कई विद्यालयों की वास्तविक स्थिति उच्च अधिकारियों तक सही ढंग से नहीं पहुंच पा रही है, जिसका खामियाजा आदिवासी बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि चंदौरा का यह विद्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था की उपेक्षा का प्रतीक बनता जा रहा है। सरकारी योजनाओं और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर साफ दिखाई देता है। शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा, जब बच्चों को सुरक्षित वातावरण में पढ़ने का अवसर मिलेगा।



जर्जर शाला भवन।

### कर चुके है शिकायत

ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों को मौखिक एवं लिखित रूप से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई भवन मरम्मत करने और न ही नए भवन के लिए किसी प्रकार की पहल की गई। भवन के समय पर मरम्मत नही होने से भवन की हालत काफी दयनीय हो गई। ऐसे में भवन की मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### स्कूल जाने से कतराते है बच्चे

ग्रामीणों के मुताबिक विद्यालय भवन की जर्जर हालत को देख कई बच्चे स्कूल जाने से भी कतराने लगे है। जो बच्चे शिक्षा के प्रति गंभीर हैं वे मजबूरी में खतरनाक भवन में बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी क्षेत्रीय निरीक्षण और वास्तविक स्थिति का आकलन करने में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। यदि समय रहते विद्यालयों का नियमित निरीक्षण होता और जर्जर भवनों की सूची बनाकर तत्काल कार्रवाई की जाती, तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। शिक्षा व्यवस्था की निगरानी में लापरवाही का असर सीधे बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है।

### जांच कराने की मांग

क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन, संभाग के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षा विभाग तत्काल इस विद्यालय का संयुक्त निरीक्षण कराएं जाने की मांग की है। साथ ही भवन की तकनीकी जांच कराकर आवश्यकता होने पर इसे अनुपयोगी घोषित करने तथा बच्चों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था और नए भवन के निर्माण कराने की मांग की है।

### अधिकारियों से की जाएगी चर्चा

मामला काफी गंभीर है मामले के गंभीरता को देखकर तत्काल संबंधित विभाग से चर्चा की गई है। जर्जर भवन को देखते हुए अतिरिक्त भवन में पढ़ाई हो रही है। जांच कर मौके को समझते हुए व्यवस्थित करने के निर्देश दिए जाएंगे। मामला ज्यादा गंभीर होने पर कलेक्टर से इस मामले में विशेष चर्चा कर व्यवस्था सुधार की जाएगी।

-ललिता भगत, एसडीएम



कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी।

## जिला स्तरीय बैगा-गुनिया सम्मेलन, सर्पदंश मौसमी बीमारियों से बचाव पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर श्रीमती रैना जमील के निर्देश तथा जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले एवं सीएमएचओ डॉ. केडी पैकरा के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैगा-गुनिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए बैगा-गुनिया एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

- स्वास्थ्य विभाग और बैगा-गुनिया समुदाय ने साझा किया जनजीवन रक्षा का संकल्प

सम्मेलन में सर्पदंश, मौसमी बीमारियों तथा क्षय रोग की रोकथाम, बचाव एवं समय पर उपचार को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सा अधिकारियों ने बैगा-गुनिया समुदाय से कहा कि सर्पदंश अथवा गंभीर बीमारी की स्थिति में झाड़-फूंक या उपचार में विलंब न करते हुए मरीजों को तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल भेजा जाए, ताकि समय पर उपचार सुनिश्चित हो सके और जनहानि को रोका जा सके। सीईओ विजेंद्र पाटले ने बैगा-गुनिया से पारंपरिक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों एवं औषधीय ज्ञान का दस्तावेजीकरण कर नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने इसे समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसके संरक्षण व संवर्धन पर बल दिया। सीएमएचओ डॉ. केडी पैकरा ने कहा कि सर्पदंश की स्थिति में मरीज को शीघ्रता से अस्पताल पहुंचाना ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है, साथ ही उन्होंने टीबी व अन्य मौसमी बीमारियों के लक्षणों की पहचान कर समय पर जांच व उपचार कराने की बात कही।

## समरसता संकल्प कार्यशाला में शामिल हुए विधायक टोप्पो

**सीतापुर।** भाजपा संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर देशभर में समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बलरामपुर जिले में आयोजित कार्यशाला में सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो को संगठन द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम थे।

इस दौरान विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि संत गुरु रविदास जी का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, भेद-भाव, ऊंच-नीच, छुआ- छूत जैसे असमानता को खत्म करना एवं सेवा, आध्यात्मिक चेतना और मानव कल्याण का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने समाज को एकजुट करने, जागरूक बनाने तथा अपनी संस्कृति, धर्म और सेवा की भावना को निरंतर सुदृढ़ करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास के प्रेरणादायी विचारों से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सामाजिक समरसता ही एक सशक्त, संगठित और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। हम संगठन द्वारा सौंपे गए प्रत्येक दायित्व का वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करते रहेंगे।




## मन की बात के 136वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण, विधायक ने स्वेच्छानुदान चेक किए वितरित

**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात' के 136वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण रविवार को लुण्ड्रा के सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं पोलिंग बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रबोध मिंज ने क्षेत्र के 128 हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान मद से कुल 6 लाख 40 हजार की सहायता राशि के चेक वितरित किए। विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को निरंतर जनसंपर्क में रहकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान देवनारायण यादव, वैभव सिंह, सतीश जायसवाल, संजय गुप्ता, उमाशंकर उपाध्याय, महेश सिंह, राजेश सोनी, धनराम नागेश, दिलीप प्रजापति, अभिषेक पावले, जयंत मिंज,मंगल कोरवा, रहमत ख़ान, अर्जुन गुप्ता, शिव नारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### विधायक सहित भाजपा पदाधिकारी व ग्रामीणों ने सुनी मन की बात

**राजपुर।** ग्राम कोटा गहना में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात' के 136 वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। शक्ति केंद्र बूढ़ा बगीचा के बूथ कोटा गहना में आयोजित हुआ, जिसमें सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव एवं विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने प्रधानमंत्री के संबोधन की प्रमुख बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को प्रेरित करने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस कड़ी में पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, नवाचार, युवाओं की भागीदारी, आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता अभियान और सामाजिक जनभागीदारी जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया। इस दौरान उपसरपंच अनिल तिवारी, संजय यादव,प्रशान्त सिंह, सुनील गुप्ता, राजेश यादव,विजय यादव, देवी दयाल मराबी व अन्य ग्रामीण थे।

## बिजनेस प्लस

### एडवांस एकेडमी के छात्र प्रवीण ने नीट में हासिल की सफलता

अंबिकापुर। नीट यूजी की परीक्षा में एडवांस एकेडमी के छात्र प्रवीण कुमार गुप्ता ने सफलता हासिल की है। सूरजपुर जिले ग्राम मलगी निवासी प्रवीण गुप्ता आ. अनिल कुमार ने नीट में 720 में से 616 अंक हासिल संस्थान और संभाग का नाम रौशन किया। प्रवीण की यह सफलता उनके अथक परिश्रम, अनुशासित अध्ययन, दृढ़ संकल्प एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। साथ ही एडवांस एकेडमी के अनुभवी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट, व्यक्तिगत मेंटरशिप एवं कॉन्सेप्ट आधारित तैयारी ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्था प्रमुख ने बताया कि अपने बेटे के इस शानदार चयन से उनके पिता अनिल कुमार, माता श्रीमती सुनीता देवी सहित परिजन प्रसन्न और गौरवान्वित है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों से एडवांस एकेडमी अंबिकापुरनीट की उत्कृष्ट तैयारी के क्षेत्र में विद्यार्थियों का विश्वास जीतती आ रही है। अनुभवी फैकल्टी, कॉन्सेप्ट आधारित शिक्षण, नियमित टेस्ट सीरीज़, व्यक्तिगत मेंटरशिप एवं सकारात्मक प्रतियोगी वातावरण के माध्यम से हमारे विद्यार्थी निरंतर मेडिकल कॉलेजों में चयनित होकर सफलता की नई मिसाल कायम कर रहे हैं।

## खमरिया सहकारी समिति में कृषि ऋण खातों में हुई त्रुटि का मामला

# किसान की शिकायत के पहले ही समिति प्रबंधक ने बैंक को लिखा पत्र, सुधार की मांग

**महंगई।** सहकारी समिति खमरिया की समिति प्रबंधक रोशनी सिंह के विरुद्ध किसान ने कृषि ऋण की राशि को लेकर गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। हैरानी की बात तो यह है कि लगाए गए आरोपों के बीच अब सामने आए दस्तावेज पूरे मामले की तस्वीर अलग ही दिखाई देने लगा है। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार, किसानों के ऋण खातों में राशि गलत तरीके से दर्ज होने की जानकारी सामने आने के बाद समिति प्रबंधक रोशनी सिंह ने किसान की शिकायत से पहले ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन को लिखित रूप से अवगत कराते हुए सुधार की मांग की थी। जिन त्रुटियों को लेकर समिति प्रबंधक पर सवाल उठाए जा रहे हैं, उनके निराकरण के लिए प्रबंधक की ओर से पहले ही बैंक को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया जा चुका था। 8 जुलाई को समिति प्रबंधक रोशनी सिंह की ओर से शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, शाखा उदयपुर को भेजे गए पत्र में आनंद राम प्रजापति पिता शिवमंगल, ग्राम हनुमानगढ़ के कृषि ऋण खाते से संबंधित मामला सामने रखा गया। पत्र में उल्लेख है कि धान खरीदी वर्ष 2020-21 में ऋण वसूली की राशि 12,974 गलत कर्ज खाते में दर्ज हो गई थी। समिति प्रबंधक ने बैंक से संबंधित राशि को गलत खाते से वापस कर सही खाते में क्रेडिट कर समायोजन करने का अनुरोध किया। इसी दिन जारी दूसरे पत्र में पूर्णिमा सोरी पति श्यामलाल सोरी, ग्राम तौलगा के खाते का उल्लेख है। पत्र के अनुसार उनके खाते में 10,601 की राशि से संबंधित त्रुटि दर्ज हुई थी। समिति प्रबंधक रोशनी सिंह ने बैंक प्रबंधन को लिखित रूप से जानकारी देते हुए उक्त राशि को संबंधित बैंक शाखा में वापस कर खाते में आवश्यक सुधार करने का अनुरोध किया। वहीं 16 जुलाई को जारी एक अन्य पत्र में लोकनाथ पिता चमरा, ग्राम हनुमानगढ़ के धान खरीदी वर्ष 2025-26 के कृषि ऋण से जुड़ी त्रुटि का उल्लेख है। इस मामले में 35,700 की राशि गलत कैश खाते में वसूल होने की बात पत्र में लिखी गई है। समिति प्रबंधक ने बैंक से उक्त राशि को संबंधित खाते से डेबिट कर सही ऋण खाते में क्रेडिट करते हुए समायोजन करने का अनुरोध किया।



### नहीं हुई है गड़बड़ी

किसी भी किसान की राशि में मेरे स्तर से कोई गड़बड़ी नहीं की गई है। बैंकिंग प्रक्रिया में हुई त्रुटि की जानकारी मिलते ही बैंक प्रबंधन को लिखित रूप से अवगत कराकर राशि को सही खाते में समायोजित करने का अनुरोध किया गया है।

-रोशनी सिंह, समिति प्रबंधक

## गाज की चपेट में आने से साल्ही बैगापारा में 12 मवेशियों की मौत

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम साल्ही बैगापारा में गाज की चपेट में आने से 12 मवेशियों की मौत हो गई। मृत मवेशियों में 9 गाय शामिल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को शाम गरज-चमक के साथ बारिश होने पर मैदान में चल रहे मवेशी पास में स्थित एक पेड़ के नीचे खड़े थे। इस दौरान गरज-चमक के साथ पेड़ पर गाज गिरी जिसकी चपेट में आने से खड़े 12 मवेशियों की मौत हो गई। सूचना पर राजस्व एवं पशु चिकित्सा विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया।

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY, MBBS, MS (Obstetrics & Gynaecology), Laparoscopic Surgeon

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण; टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग; नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श; बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
COLLEGES COUNSELLING; DEEMED COLLEGE; COUNSELLING; STATE PVT./ GOVT. COLLEGES; FORM FILLUP ASSISTANCE; LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

BHASKAR EYE CARE — हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON; ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी; किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज; प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज; यौन संबंधी समस्याएं; महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI, MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology), Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### कल्याणपुर-दतिमा स्थित जर्जर सड़क को लेकर भाजयुमो नेता ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** कल्याणपुर से दतिमा मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों में बढ़ती नाराजगी को लेकर आज भाजयुमो के प्रदेश खेल एवं कला प्रमुख रविन्द्र भारती ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है,कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में भाजयुमो के प्रदेश खेल एवं कला प्रमुख रविंद्र भारती ने उल्लेख किया है कि कल्याणपुर-दतिमा मार्ग की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे होने से आमजन को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही भारी वाहनों की आवाजाही से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। श्री भारती ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस महत्वपूर्ण सड़क की जर्जर हालत, बढ़ते सड़क हादसों और भारी वाहनों के अनियंत्रित आवागमन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उल्लेख किया गया है कि कल्याणपुर-दतिमा मार्ग से प्रतिदिन गिट्टी और कोयले से लदे भारी वाहन बड़ी संख्या में गुजरते हैं। इन वाहनों के लगातार आवागमन से सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। रविंद्र भारती ने कहा कि भारी वाहनों की वजह से सड़क पर उड़ने वाली धूल से आसपास के गांवों के लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को सांस संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई है कि भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए, ताकि कल्याणपुर-दतिमा मार्ग पर दबाव कम हो सके। साथ ही बिना वैध अनुमति के इस मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उनके आवागमन पर रोक लगाई जानी चाहिए।

### नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर कांग्रेस ने निकला विजय मार्च



**बिश्रामपुर।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में चले आंदोलन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी सूरजपुर की अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में ग्राम संजयनगर-महावीरपुर में विजय मार्च निकाला गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे देश के छात्रों, युवाओं और कांग्रेस के संघर्ष की बड़ी जीत बताते हुए एकजुटता का प्रदर्शन किया। विजय मार्च में कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा और कांग्रेस के झंडे लेकर गांव की प्रमुख सड़कों पर रैली निकाली तथा युवाओं के हितों और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर नारे लगाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने कहा कि नीट पेपर लीक ने देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। इस मुद्दे को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों ने व्यापक आंदोलन किया था, जिसमें देशभर से युवाओं ने भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद की। इसके बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे को मजबूती से उठाया और प्रधानमंत्री आवास के घेराव सहित लगातार सरकार पर दबाव बनाया।छात्रों और युवाओं के संघर्ष तथा राहुल गांधी के नेतृत्व में चले आंदोलन के कारण केंद्र सरकार को आखिरकार झुकना पड़ा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेना पड़ा। उन्होंने विजय मार्च के दौरान कहा कि यह किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि देश के उन लाखों मेहनती छात्रों की जीत है, जिन्होंने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और न्याय की मांग को लेकर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगे भी युवाओं के अधिकारों, रोजगार, शिक्षा और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था के मुद्दों पर लगातार आवाज उठाती रहेगी। विजय मार्च के दौरान संजय डोसी, वेद प्रकाश मिश्र, बबीता गुप्ता, लिली राजवाड़े, कंवल बिहारी सिंह टेकाम, प्रेम राजवाड़े, सुनील सारथी, संजीत यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, विनय गुप्ता, तपन सिकदार, राहुल सिंह, अभय लकड़ा, गोविंदा पावले, विक्की वैष्णव, अभिषेक चौधरी, लतीफ अंसारी, आनंदी लकड़ा, सीमा पैक व अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष व ननि नेता प्रतिपक्ष ने की कलेक्टर से मुलाकत, सौंपा ज्ञापन

# लापरवाही के कारण शहर के वार्डों में नहीं मिल रहा स्वच्छ और पर्याप्त पानी



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस जिलाध्यक्ष, ननि नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**

**खास बात**

- कई दिनों से वार्डों में गंदा पानी मिलने की शिकायत

नगर निगम क्षेत्र में पेयजल संकट, बदहाल सफाई व्यवस्था, बंद स्ट्रीट लाइट और जर्जर सड़कों को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक एवं ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में तत्काल सुधार तथा लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन सौंपने से पूर्व कांग्रेस पार्षदों ने शहर को पेयजल उपलब्ध कराने वाले तकिया एवं कतकालो फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में दोनों प्लांट अपनी निर्धारित क्षमता से काफी कम जल शोधन करते पाए गए। साथ ही मड पंप लंबे समय से खराब, छह क्लैरिफ्लोकुलेटरों में से तीन बंद, फिल्टर बेड की नियमित सफाई नहीं होने, एलम (फिटकरी) की कमी तथा आवश्यक तकनीकी कर्मचारियों के अभाव जैसी गंभीर खामियां सामने आईं। कांग्रेस का आरोप है कि इन लापरवाहियों के कारण शहर के अनेक वार्डों में पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि नगर निगम प्रशासन लगातार बिजली कटौती को जल संकट का कारण बताता रहा, लेकिन निरीक्षण में स्पष्ट हो गया कि समस्या का मुख्य कारण फिल्टर प्लांटों का खराब रखरखाव, संसाधनों की कमी और प्रशासनिक लापरवाही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते आवश्यक सुधार किए गए होते तो शहरवासियों को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ता। ज्ञापन में कांग्रेस ने यह भी कहा कि अम्बिकापुर की स्वच्छता व्यवस्था कभी पूरे देश के लिए मिसाल रही है, लेकिन पिछले डेढ़ वर्षों में सफाई व्यवस्था लगातार बिगड़ी है। कई वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने से नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कांग्रेस ने जिला प्रशासन से पूर्व की तरह सफाई व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि शहर की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, कई सड़कें बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं तथा जिन सड़कों के निर्माण के टेंडर लगभग छह माह पहले हो चुके हैं, उनका कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ है। इससे आम नागरिकों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से फिल्टर प्लांटों की तकनीकी जांच कराने, बंद उपकरणों की तत्काल मरम्मत, पर्याप्त तकनीकी स्टाफ एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, नियमित एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति बहाल करने, सफाई व्यवस्था में सुधार, बंद स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने, जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस ने कहा कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो जनहित में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, पार्षद हसन खान, पापिन्दर सिंह, मो बाबर, मो अख्तर चम्मा, शुभम जायसवाल, जेनेविवा कुजूर, लूकस एक्का, मंडल अध्यक्ष अमित सिन्हा, बालकेश्वर तिर्की शामिल थे।

### मुद्दाविहीन हो चुकी कांग्रेस, विपक्षी लगा रहे निराधार आरोप : महापौर

ननि नेता प्रतिपक्ष और विपक्षी पार्षदों द्वारा शहर में पानी की किल्लत और दूषित पेयजल सप्लाई को लेकर तकिया और कतकालो फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने और के साथ निगम की सरकार और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाया गया। अब इस मामले में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पार्षदों और नेता प्रतिपक्ष का आरोप पूर्ण रूप से निराधार है। हमारी सरकार में तकिया फिल्टर प्लांट से पूरे 17 एमएलडी पानी की सप्लाई के लिए ग्रेविटी पाइप लाइन के विस्तार का कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए शासन से 9 करोड़ 20 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर भी हो चुका है। टंकी के निर्माण का कार्य भी चल रहा है। गर्मी से पहले पानी की किल्लत की समस्या को दूर कर लिया जाएगा। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा हुआ है। कांग्रेस के कार्यकाल में अमृत मिशन के तहत कार्य हुआ लेकिन इसमें भी एक एरिया में विशेष रूप से फोकस कर पाइप लाइन बिछाया गया। मुद्दाविहीन हो चुकी कांग्रेस के पास सिर्फ आरोप लगाने का काम बचा हुआ है। बारिश के समय हल्का मटमैला पानी जाता है यह सभी जानते है, इस पानी को भी जांच के बाद ही सप्लाई किया जाता है। कांग्रेस के सभी आरोप निराधार है।

- कराया जा रहा है ग्रैविटी पाइप लाइन का कार्य, पानी की समस्या से मिलेगी मुक्ति





## करंजवार में दंतैल का तांडव, सड़क पर घंटों थमा रहा आवागमन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर**

- खेत में घुसकर धान की फसल रौंदी
- सड़क के बीचों-बीच डटा रहा गजराज

प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य सड़क मार्ग से महज करीब तीन किलोमीटर दूर ग्राम करंजवार के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक दंतैल सड़क किनारे खेतों में पहुंच गया। हाथी की मौजूदगी से सड़क से गुजर रहे ग्रामीणों और राहगीरों में भय का माहौल निर्मित हो गया। स्थिति ऐसी रही कि कई घंटे तक लोगों ने सड़क से आवागमन करने से परहेज किया और राहगीरों के कदम थम गए।

बताया जा रहा है कि दंतैल हाथी खेत में घुसकर वहां लगी धान की फसल को रौंदता रहा। इसके बाद वह कभी सड़क के किनारे तो कभी सड़क पर आकर खड़ा हो जाता था। हाथी के सड़क पर पहुंचने से दोनों ओर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर हाथी को देखने के लिए मौके पर पहुंच गए, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो गई। प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग पर हाथी की मौजूदगी के कारण राहगीरों में दहशत फैल गई। पैदल आने-जाने वाले लोगों ने भी दूरी बनाए रखी। वाहन चालक भी हाथी के सड़क से हटने का इंतजार करते नजर आए। नगर के बेहद करीब हाथी के पहुंचने की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार यह नर दंतैल काफी बड़े आकार का है और इसके आक्रामक व्यवहार को लेकर क्षेत्र में पहले से भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस हाथी के कारण पूर्व में भी जनहानि की घटनाएं हो चुकी हैं। हालांकि ग्रामीणों के आरोप की आधिकारिक पुष्टि वन विभाग से होना बाकी है। फिलहाल क्षेत्र में हाथी की गतिविधियों पर वन विभाग की नजर बनाए हुए है और लोगों को हाथी के करीब नहीं जाने तथा हाथी से छेड़छाड़ करने की हिदायत देते रहे।

### वन विभाग की टीम ने संभाला मोर्चा

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को हाथी से दूर रहने की हिदायत दी। काफी मशक्कत के बाद वन अमले ने हाथी को सड़क और आबादी वाले क्षेत्र से दूर जंगल की ओर खदेड़ने में सफलता हासिल की। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली और आवागमन बहाल हो सका।

### हाथी देखने उमड़ी भीड़

नगर के समीप दंतैल के पहुंच जाने से बड़ी संख्या में लोग हाथी देखने पहुंच गए। चिंताजनक स्थिति यह रही कि लोग हाथी के बेहद करीब जाकर उसे देखने और फोटो-वीडियो बनाने का प्रयास करने लगे। ऐसे में किसी भी समय गंभीर हादसे का कारण बन सकता था। वन विभाग ने लोगों से हाथी से पर्याप्त दूरी बनाए रखने, उसके साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं करने और भीड़ न लगाने कहते रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि हाथी का व्यवहार अचानक बदल सकता है और लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। प्रतापपुर के नजदीक दंतैल हाथी की मौजूदगी ने एक बार फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष और वन क्षेत्रों से लगे गांवों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## संत रविदास की 650वीं जयंती को भव्य बनाने भाजपा की तैयारी तेज

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**

भारतीय जनता पार्टी सरगुजा द्वारा स्थानीय राजमोहिनी सभागार में संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं हर घर तिरंगा एवं गुरु पूर्णिमा की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में संत रविदास के सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश एवं जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा पदाधिकारियों ने तिरंगा फहरा कर हर घर तिरंगा अभियान का संदेश दिया।

कार्यक्रम को मुख्य वक्ता पत्थलगांव विधायक गोमती साय, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, संभाग प्रभारी अवधेश चंदेल, जिला सह प्रभारी सुनील गुप्ता, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, महापौर मंजूषा भगत, बस्तर संभाग सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता गोमती साय ने कहा कि संत रविदास का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और बंधुत्व का जीवंत संदेश है। उन्होंने समाज को ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वाराणसी में संत रविदास का भव्य स्मारक आकार ले रहा है, जो उनकी अमूल्य विरासत को संरक्षित करने का ऐतिहासिक प्रयास है। प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने सदियों पहले थे। उन्होंने श्रम की गरिमा, समानता और मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च स्थान दिया। संभाग प्रभारी अवधेश चंदेल ने कहा कि यह अभियान केवल जयंती मनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि संत रविदास के विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक घर तक पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक जिम्मेदारियां दी जा रही हैं तथा वाराणसी से आने वाली पवित्र माटी एवं जल के स्वागत से लेकर देवस्थलों तक पहुंचाने की पूरी कार्ययोजना तैयार की गई है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा संत रविदास के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक मंडल एवं बूथ पर सामाजिक समरसता और सेवा पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक संदेश का प्रसार हो। बस्तर संभाग सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा ने कहा कि संत रविदास भारतीय संस्कृति और संत परंपरा के ऐसे महान व्यक्तित्व हैं, जिनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देते हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री अरुणा सिंह, प्रदेश प्रवक्ता एवं पैनलिस्ट संतोष दास, विद्यानंद मिश्रा, निश्चल प्रताप सिंह, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी , मधुसूदन शुक्ला , फूलेश्वरी सिंह, मधु चौदाहा, वैभव सिंह देव, जन्मेजय मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, करताराम गुप्ता , निलेश सिंह , रूपेश दुबे, अनिल अग्रवाल मनोज गुप्ता, मनोज कंसारी, शुभांगी बिहाड़े, अखण्ड विधायक सिंह, सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विक्षिप्त की हत्या कर शव को जंगल में किया दफन, दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के चांदो थाना क्षेत्र में एक विक्षिप्त की हत्या कर शव को जंगल में दफ़न करने का मामला सामने आया है। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है इसके साथ ही अन्य आरोपी की तलाश जारी है। इसके साथ ही पुलिस मृतक की पहचान भी करने का प्रयास कर रही है।

- बलरामपुर चांदो थाना क्षेत्र का मामला, मृतक की नहीं हुई पहचान

बताया जा रहा है कि चांदो पुलिस को ग्राम कुरडीह पियार टोली निवासी 28 वर्षीय गया यादव आ. नंदकेश्वर यादव ने सूचना दी थी कि एक अज्ञात मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति पिछले तीन दिनों से गांव व आस पास के क्षेत्र में घूम रहा था। इस दौरान विक्षिप्त गांव के राजेश कोरवा के घर में गलत नियत से घुस गया था। इस दौरान राजेश कोरवा और राजू कोरवा एवं एक अन्य ने मिलकर विक्षिप्त की लाठी डंडे से पिटाई की और मारते हुए जंगल की ओर ले गए। आरोपियों ने मिलकर विक्षिप्त की हत्या कर दी और साक्ष्य छिपाने के लिए मृतक के शव को जंगल पहाड़ में ले जा कर दफन कर दिए हैं। सूचना के बाद चांदो थाना और गणेश मोड़ चौकी पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों चांदो जोड़ा डूमर निवासी 32 वर्षीय राजेश कोरवा आ. बैलास कोरवा, पियार टोली निवासी 39 वर्षीय राजू कोरवा आ. शिवचंद कोरवा को बीएनएस की धारा 103(1), 238,3,5 के तहत गिरफ्तार कर लिया है और आरोपियों की तलाश चल रही है। इसके साथ ही पुलिस फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।



### राष्ट्रीय राजमार्ग में दुर्घटना ट्रक के सामान ले उड़े चोर

**सेदम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 नदी पार हाई स्कूल के समीप मुख्य मार्ग पर शुक्रवार रात 11.30 बजे सड़क पर खड़े ट्रेलर के साथ कोयला लोड ट्रक टकराने से ट्रक के परखच्चे उड़ गए। घटना बाद ट्रेलर को चालक लेकर भाग गया वहीं इस घटना में खलासी को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया था जिसका अब शहडोल में इलाज जारी है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 बतौली नदी पार हाई स्कूल के समीप मुख्य सड़क में अज्ञात ट्रेलर खड़ा कर चालक किराना दुकान से समान ले रहा था जहां अंधेरा होने और सामने से आ रहे ट्रक के लाइट की वजह से कोयला लोड ट्रक क्रमांक सीजी 10 बी यू 7792 का टक्कर हो गया। वाहन में बैठा शहडोल निवासी 20 वर्षीय शिवा का सिर सहित शरीर में गंभीर चोटें आई जबकि चालक गौरी शंकर चतुर्वेदी आ. कृष्णा चतुर्वेदी बाल बाल बच गया। घटना के बाद खलासी का इलाज कराने अंबिकापुर ले कर चला गया। इधर बतौली पुलिस दुर्घटना कारित ट्रक को साइड में लगवा दिया था। इसके बावजूद नदी पार रिहायशी इलाके में खड़े ट्रक के 2 बैटरी,जैक ,व्हील पाना,5 लीटर का गैस टंकी, साउंड सिस्टम सहित लगभग 130 लीटर डीजल की चोरी हो गई।

## पेज 1 के शेष...

### आश्वासन के बाद समाप्त हुआ एनएसयूआई...

तरह छात्रहित में था। यदि दिए गए आश्वासन के अनुरूप समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन और व्यापक आंदोलन करेगा। आंदोलन को कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का भी समर्थन मिला। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, द्वितेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र प्रताप सिंह, मोहम्मद इस्लाम, जीवन यादव, आलोक सिंह, राजा तिवारी, सौरभ फिलिप, निक्की खान, आतिफ रज़ा, शुभम जायसवाल, हिमांशु जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, एनएसयूआई के ज्ञान तिवारी, सिफतैन रज़ा, अभिनव काशी, गौतम गुप्ता एवं एनएसयूआई सरगुजा की टीम ने आंदोलन में सहयोग देने वाले सभी छात्र-छात्राओं, कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन भविष्य में भी छात्रहित के हर मुद्दे पर मजबूती से आवाज़ उठाता रहेगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## एटक कार्यालय में महिला सशक्तिकरण के लिए कार्यशाला

**बिश्रामपुर।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के क्षेत्रीय कार्यालय में बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत महिला कर्मचारियों का सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिला कोल कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए संगठन की मजबूती का संकल्प उठाया।

- 4 लेबर कोड बिल और कार्यस्थल पर सुरक्षा अधिकारों को लेकर महिला कर्मचारीयों को किया गया जागरूक



सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिला संगठन का सशक्तिकरण करना, कार्यक्षेत्र में महिला साथियों को आने वाली रोजमर्रा की कठिनाइयों व चुनौतियों से जूझने के व्यावहारिक तरीके सिखाना तथा नए 4 लेबर कोड बिल के लागू होने के पश्चात महिलाओं के प्रति कानून में आए बड़े बदलावों और अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत व्हीसी जैन के स्वागत भाषण के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय उप महासचिव एवं कंपनी वेलफेयर बोर्ड मेंबर राजेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरालाल द्वारा की गई। अन्य अतिथियों में वरिष्ठ महिला पदाधिकारी भारती सिंह मंच पर उपस्थित रहीं। मंच का संचालन श्रीमती रूबी मिश्रा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि राजेश शर्मा ने कहा कि संगठन की असली ताकत हमारी महिला साथी हैं। उन्होंने नए 4 लेबर कोड बिल के बाद महिलाओं को मिलने वाले कानूनी अधिकारों, सुरक्षा मानकों और कार्यस्थल पर उनकी अनिवार्य सहूलियतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रीमती भारती सिंह ने कार्यस्थल पर महिलाओं को आने वाली मानसिक व शारीरिक बाधाओं पर बात की और उनसे निपटने के लिए पॉश एक्ट व अन्य कानूनी सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने साफ किया कि अब नए नियमों के तहत नाइट शिफ्ट में महिलाओं की सुरक्षा, परिवहन व्यवस्था, बुनियादी सुविधाएं और खदानों में महिलाओं की सुरक्षा व न्यूनतम उपस्थिति को लेकर प्रबंधन को हर हाल में कड़े नियमों का पालन करना होगा। कार्यक्रम में जया कुमारी एवं रंजीत कौर ने भी अपने विचारों से आगंतुकों को बेहद प्रभावित कर महिलाओं को एकजुट रहने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे हीरालाल ने सम्मेलन की सफलता पर सभी को बधाई देते हुए उन्होंने सभी उपस्थित महिला साथियों को विश्वास दिलाया कि संगठन हर महिला कर्मचारी की गरिमा और हक की लड़ाई में हमेशा एक चट्टान की तरह खड़ा रहेगा। इसके पश्चात उन्होंने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। विश्रामपुर क्षेत्र की महिलाओं की इस उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि आने वाले समय में संगठन के नेतृत्व और निर्णयों में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होने जा रही है।

TEJ Diagnostic Centre Caring for you
Tej Diagnostic Centre
Caring for you
हमारी डायग्नोस्टिक सुविधाएँ
SONOGRAPHY — उन्नत अल्ट्रासोनोग्राफी द्वारा सटीक जाँच
X-RAY — डिजिटल एक्स-रे द्वारा सटीक निदान
LAB TEST — आधुनिक लैब सुविधाएँ सटीक रिपोर्ट के साथ
TMT — हृदय की जाँच के लिए ट्रेडमिल टेस्ट
EEG — मस्तिष्क की विद्युत गतिविधि की जाँच
ECG — हृदय की धड़कन की सटीक जाँच
MRI — उन्नत MRI तकनीक द्वारा सटीक इमेजिंग
CT SCAN — तेज और सटीक CT स्कैन सुविधा
MEMMOGRAPHY — महिलाओं के लिए विशेष स्तन जाँच सुविधा
ENDOSCOPY — पाचन तंत्र की उन्नत एंडोस्कोपी जाँच
ECHOCARDIOGRAPHY — हृदय की अल्ट्रासाउंड द्वारा गहन जाँच
BLOOD BANK — सुरक्षित और प्रमाणित रक्त की उपलब्धता
अनुभवी टीम | आधुनिक उपकरण | सटीक रिपोर्ट | तत्काल सेवा | आपकी सेहत हमारी प्राथमिकता
सभी जाँच एक ही छत के नीचे – भरोसा, सटीकता, सुरक्षा
बाबू पारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 8224007799,7000619700

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411